हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

10 सोंदूर बांध कई माह से अंधेरे में, 110 में से केवल 10-15 खंभों ...



12 संगठनात्मक मजबूती व आधुनिक तकनीक से सशक्त कार्यकर्ता तैयार ...





## खबर संक्षेप

### खर्रा में हनुमान जन्मोत्सव आज से



**सिर्री।** ग्राम खर्रा में इस वर्ष भी श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 31 मार्च से 2 अप्रैल तक रखा गया है। 31 मार्च मंगलवार को दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही भगवान हनुमान जी का श्रृंगार, अखंड रामायण एवं चालीसा पाठ किया जायेगा। 1 अप्रैल बुधवार की शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 2 अप्रैल को हवन पूजन के साथ ही महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। पूजा-अर्चना नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा द्वारा संपन्न की जायेगी। मनोरंजन के लिए रात्रि में जस जागृति जस बईहा झांकी परिवार मौलीभाठा (बेमेतरा) की प्रस्तुति होगी।

### भोथीपार में रामायण 1 व जातरा मेला 2 को



**धमतरी।** ग्राम भोथीपार में 1 अप्रैल एवं 2 अप्रैल को दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 1 अप्रैल को रामायण कार्यक्रम के साथ होगी, जिसमें श्रद्धालु भक्तिभाव से रामायण पाठ, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे। 2 अप्रैल को पारंपरिक जातरा मेला का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन रात्रि में छत्तीसगढ़ी ममा-भांचा नाचा पार्टी खोकसा की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

### स्पार्किंग से हाईटेंशन तार टूटा, मीटर जला

**धमतरी।** शहर के व्यस्ततम गोल बाजार क्षेत्र स्थित भारत वस्त्रालय के सामने सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया। लंबे समय से विद्युत पोल में हो रही स्पार्किंग के बीच अचानक तेज चिंगारी उठने से हाईटेंशन तार टूट गया और दुकान के बाहर लगा बिजली मीटर जलकर खाक हो गया। स्थिति गंभीर हो सकती थी, लेकिन आसपास मौजूद व्यापारियों और स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए रेत डालकर आग पर काबू पा लिया। धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स ने विद्युत विभाग से तत्काल सुधार की मांग की है।



■ गोल बाजार में बड़ा हादसा टला

### चुचरूंगपुर में वार्षिक सम्मेलन 31 को

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज छह पाली गिरौद परिक्षेत्र के तत्वावधान में दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन ग्राम चुचरूंगपुर में रखा गया है। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता गणेश निषाद अध्यक्ष 6 पाली निषाद समाज गिरौद करेंग। विशिष्ट अतिथि चंदूलाल निषाद अध्यक्ष जिला निषाद समाज जिला धमतरी, मंशाराम निषाद गिरौद, मंधीर निषाद पूर्व कोषाध्यक्ष छः पाली गिरौद, भीखम लहरे सरपंच मंदरौद, केआर महेंद्र, नंदलाल निषाद, संतराम निषाद, मंगल निषाद, श्रीमती कंचन, घरवासी निषाद, विष्णु प्रिया, टीकाराम निषाद, भगवानी निषाद, पूसू राम निषाद, खेदन निषाद, पवन निषाद, आत्माराम निषाद होंगे। यह जानकारी मेघा निवासी तुलेश निषाद ने दी।

# स्कूल के पास डामर प्लांट : नौनिहालों की सांस में घुल रहा जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरूद ब्लॉक के ग्राम बंजारीभाठा में विकास की अंधी दौड़ बच्चों के भविष्य पर भारी पड़ रही है। यहां स्थित सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के ठीक पास संचालित डामर (अस्फाल्ट) प्लांट से निकलने वाला जहरीला धुआं मासूमों की सांसों में जहर घोल रहा है। आलम यह है कि सुबह की प्रार्थना सभा के समय पूरा परिसर काले धुएं और दुर्गंध की चपेट में रहता है, जिससे बच्चों का दम घुटने लगा है।

अभिभावकों का आरोप है कि सुबह जब बच्चे खुले मैदान में प्रार्थना के लिए एकत्र होते हैं, तब प्लांट से उठने वाला तीव्र गंध वाला धुआं सीधे स्कूल पहुंचता है। बच्चे रुमाल से नाक-मुंह ढंककर खड़े होने को मजबूर हैं। कई बच्चों ने आंखों में जलन, लगातार खांसी और सिरदर्द की शिकायत की है। स्कूल से घर लौटने के बाद भी बच्चों में घबराहट और शारीरिक कमजोरी देखी जा रही है।



### बंजारी के सेंट मेरी स्कूल में जहरीले धुएं का साया

#### प्रशासनिक सुस्ती से आक्रोश

स्थानीय ग्रामीणों और पालकों में प्रशासन के खिलाफ गहरा रोष है। उनका कहना है कि प्रदूषण की समस्या नई नहीं है, लेकिन शिकायतों के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हाल ही में अभिभावकों ने एसडीएम नभसिंह कोसले को ज्ञापन सौंपकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। वहीं अभिभावकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की।

#### इन प्रमुख मांगों पर अड़े अभिभावक

डामर प्लांट को स्कूल और आवासीय क्षेत्र से तत्काल दूर स्थानांतरित किया जाए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा हवा की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच हो। स्कूल में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष मेडिकल कैंप लगाया जाए।

#### जांच के बाद होगी कार्रवाई

मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। बच्चों के स्वास्थ्य से समझौता नहीं किया जाएगा। संबंधित विभाग को जांच के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- नभसिंह कोसले, *एसडीएम, कुरूद*

**कहा :** हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे, अनुमानित बजट में 59.71 लाख का लाभ

# महापौर के ब्रीफकेस से निकला 620 करोड़ का बजट

### बजट बैठक में सभापति कौशिल्या का तेवर चर्चा का विषय रहा, विपक्ष के हंगामे के बीच बहुमत से पारित हुआ बजट





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सोमवार को नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक में 620 करोड़ रूपये से अधिक का बजट बहुमत से पारित हो गया है। महापौर रामू रोहरा ठीक 10:45 बजे स्लेटी कलर के ब्रीफकेस लिए हुए सभाकक्ष में पहुंचे, जिसमें लिखा था बजट वर्ष 2026-27, हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे। महापौर जैसे ही सभाकक्ष में पहुंचे विपक्षी पार्षदों ने सदन की गरिमा को तार-तार करने का आरोप लगाते हुए कुर्सी से नीचे बैठकर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि महापौर भाजपा का मोनो वाला गमछा पहने हैं। काफी हंगामे के बाद महापौर ने अपना गमछा बदला।

बैठक की शुरूआत राष्ट्रगान और राज्यीय गीत के साथ हुई। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, योगेश लाल, विशु देवांगन ने सभापति से पूछा कि सामान्य सभा की विशेष बैठक में निगम आयुक्त की उपस्थिति क्यों ⏩ शेष पेज 10 पर







सभापति कौशिल्या देवांगन हंगामा को रोकने विपक्ष को बार-बार बैठने की चेतावनी देती रहीं।



#### शीतलापारा वार्डवासियों ने पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन

शीतलापारा वार्ड के दर्जन भर से अधिक महिलाओं ने दर्शक दीर्घा गैलरी में पहुंचकर पोस्टर के माध्यम से पट्टाविहीन परिवारों को आवास योजना का लाभ देने, टेंडर घोटाला का जवाब, पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन किया।

#### हंगामे के बीच महापौर ने बजट भाषण पढ़ा

महापौर रामू रोहरा जैसे ही बजट भाषण पढ़ने उठे, विपक्षी पार्षदों का हो हल्ला शुरू हो गया। बजट की कापी और समाचार पत्र को लहराते हुए आसंदी के सामने बैठकर नारेबाजी करने लगे। कमीशनखोरी बंद करो, झूठा आश्वासन बंद करो के नारे लगाने लगे। इस दौरान कुछ देर के लिए माइक बंद करने से हंगामा और तेज हो गया। महापौर ने विपक्ष को समझाने की कोशिश की। महापौर ने भारत माता के जयकारे के साथ सभापति को संबोधित करते हुए मां बिलाई माता, अंगारमोती को नमन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरूण साव के सर्वोपरि लक्ष्य हमने बनाया है हम ही संवारेंगे कहते हुए बताया कि जनहित कार्यों के लिए पहले बजट की पुरानी मांग हाईटेक बैस स्टैंड की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। धमतरी शहर स्वच्छता की ओर अग्रसर है। एसएलआरएम सेंटरों में कचरा संग्रहण एवं पृथकीकरण के कार्यों को गति प्रदान करने 4.79 करोड़ की स्वीकृति मिली है। 12 स्थानों में आरसीसी नाली निर्माण, वाटर ड्रेनेज के लिए 5.94 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

#### सत्तापक्ष के पार्षदों ने मेंज थपथपाई

महापौर ने अनुमानित बजट पेश करते हुए कहा कि वर्ष 2026 में कुल आय 6 करोड़ 13 लाख 23 हजार रूपये, कुल व्यय 619 करोड़ 53 लाख 52 हजार रूपये है। इस तरह 59 लाख 71 हजार लाभ का बजट है। बजट पेश होने के साथ सत्तापक्ष के पार्षदों ने मेंज थपथपाकर स्वागत किया। महापौर ने कहा कि धमतरी को बड़े शहरों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। उन्होंने शहर विकास के लिए बनाए गए खाका की जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए धमतरी शहर में भरपूर आशीर्वाद मिलने की जानकारी दी।

#### जाति प्रमाण-पत्र और इतवारी बाजार के नामकरण में विपक्ष का समर्थन

सदन के सचिव पीसी सार्वा ने सदन में विचारण के लिए 13 विषयों का वाचन किया। प्रत्येक बिंदु पर सभापति ने पक्ष-विपक्ष की सहमति ली। इतवारी बाजार का नामकरण मां शाकम्भरी हाट बाजार के नाम किए जाने पर विपक्ष ने सहमति दी। निगम क्षेत्र में निवासरत अजजा, अजा, ओबीसी के जाति प्रमाण-पत्र बनाए जाने पर विपक्ष ने समर्थन दिया। इसके अलावा अन्य 4 विषय सूखा गीला कचरा प्रबंध संयंत्र स्थापना, नालंदा परिसर का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी लखनसिंह के नाम पर करने, निवेश क्षेत्र को निगम सीमा में शामिल करने, विद्युत विभाग की परिसंपत्ति (पोल-ट्रांसफार्मर) पर संपत्ति कर, पार्षद तल्लीनपुरी गोस्वामी की मांग पर अधारी नवागांव को अधारी नगर करने आदि के प्रस्ताव को पटल पर रखा गया जिसे बहुमत के आधार पर पारित किया गया। विपक्ष ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए निगम में अलग समिति बनाकर युवाओं को इसका लाभ देने की मांग की जिसे महापौर ने यह कहकर नकार दिया कि निगम को इस तरह समिति बनाने का अधिकार नहीं है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ पुलिस को मिली पाक्सो एक्ट में बड़ी सफलता

पुख्ता साक्ष्य व मजबूत पैरवी के चलते नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कड़ी सजा दिलाने में धमतरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास से दण्डित किया है।

पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली थाना में वर्ष 2024 में धारा 137-2, 87, 65-1 बीएनएस एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। इस मामले में आरोपी पंकज कुमार निषाद पिता फागूराम उम्र 25 वर्ष सदर दक्षिण वार्ड रानीबगीचा रोड धमतरी निवासी के विरूद्ध न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाही के आधार पर दोष सिद्ध हुआ। न्यायालय द्वारा आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारवास एवं 3 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। कोतवाली प्रभारी राजेश मरई एवं तात्कालिक विवेचनाधिकारी एएसआई मछेन्द्र साहू द्वारा अत्यंत गंभीरता, सूक्ष्मता एवं पेशेवर दक्षता के साथ विवेचना की गई। प्रकरण में साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन, गवाहों के बयान एवं अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों का सुदृढ़ रूप से न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी पंकज निषाद को कठोर सजा दिलाने में सफलता प्राप्त हुई। इस उत्कृष्ट कार्य के लिये पुलिस अधिकारी द्वारा विवेचनाधिकारी को नगद पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया जायेगा, जिससे अन्य अधिकारियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रेरणा मिलेगी। धमतरी पुलिस द्वारा महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए त्वरित, निष्ठा व प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।



## तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**धमतरी।** तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक को ठोकर मार दी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक चालक की मौत हो गई । अस्पताल पुलिस के अनुसार प्रकाश कुमार दर्रो पिता शिवलाल उम्र 28 वर्ष ग्राम आमाडुला जिला बालोद निवासी रविवार को काम के सिलसिले में बाइक से अपने चाचा सतीश दर्रो के यहां ग्राम पुरी गया था। काम निपटाकर प्रकाश बाइक से घर आमाडुला लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कार्पियो क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 3331 के चालक ने ग्राम आमाडुला के गोटीपारा के पास उसकी बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चारामा अस्पताल ले जाया गया। जहां से रिफर करने पर घायल को मसीही अस्पताल पहुंचाया गया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे रायपुर रिफर कर दिया। घायल को उपचार के लिए एंबुलेंस से रात्रि में ही रायपुर ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घायल की हालत ज्यादा खराब होने पर मसीही अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# जंगली सुअर के हमले से महिला सहित चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ ग्राम आनंदपुर की घटना

जंगली सुअर ने गांव में घुसकर एक महिला सहित चार लोगों पर हमला कर दिया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम आनंदपुर थाना पुरुर में रविवार की सुबह एक जंगली सुअर पहुंच गया। सुअर ने गांव की बस्ती में घूम-घूमकर लोगों पर हमला करने लगा। इससे गांव में हड़कंप मच गया। इसी दौरान गांव की चंपाबाई पति वेदप्रकाश 54 वर्ष अपने घर में बैठकर खाना खा रही, तभी जंगली सुअर उसके घर में घुस गया। सुअर ने खाना खा रही महिला पर हमला बोल दिया। सुअर गांव में अन्य तीन लोगों को घायल कर चुका था। इस घटना में महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घटना में महिला के पैर में गंभीर चोट लगी है। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को वार्ड में भर्ती किया गया। जंगली सुअर के आतंक से भयभीत ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही सुअर के आतंक से राहत दिलाई जाए। घायल महिला सहित अन्य घायलों को मुआवजा दिया जाए। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।



### राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित कर एनएसयूआई ने रखी अपनी मांग

# छात्रसंघ चुनाव फिर से शुरू करने 16 कॉलेजों में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सालों से बंद छात्र संघ चुनाव को फिर से शुरू करने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। जिले के 16 कालेजों में कॉलेज स्तर पर प्रचार्य के माध्यम से यह ज्ञापन प्रेषित किया है।

सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने छात्र संघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर जिले के सभी महाविद्यालयों में एक साथ व्यापक रूप से ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल के नाम प्राचार्यों को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि प्रदेश में विगत कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जाने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। छात्र संघ चुनाव केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि छात्रों को नेतृत्व, सहभागिता एवं अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।



#### चुनाव नहीं होने पर करेंगे आंदोलन : राजा

एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि चुनाव नहीं होने से छात्रों की समस्याएं प्रभावी रूप से प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही हैं, जिससे छात्रों में निराशा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि शीघ्र छात्र संघ चुनाव की बहाली नहीं की जाती है, तो एनएसयूआई चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।



#### बाबू छोटेलाल पीजी कॉलेज में हंगामा

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पीजी कॉलेज में ज्ञापन सौंपने के दौरान जमकर हंगामा हुआ। एनएसयूआई ने छात्रसंघ चुनाव बहाली के साथ प्राचार्य से हर क्लास में कूलर लगाने की मांग की। छात्रों ने चेतावनी दी है कि जल्द कूलर नहीं लगाने की स्थिति में वे 10 अप्रैल को कॉलेज का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे।

#### इन्होने सौंपा ज्ञापन

जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में एनएसयूआई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। नगरी कॉलेज में अरविन्द यादव, राकेश नेताम, मगरलोड कॉलेज में लक्की निर्मलकर, भेपेन्द्र कंवर, सूरज सिन्हा, कुरुद कॉलेज में यश चंद्राकर, जागेंद्र साहू, भखारा कॉलेज में सौरभ पाल, देवेंद्र सिन्हा, जीजामगांव कॉलेज में युगल बैस, हिमांशु साहू, पीजी कॉली में नमन बंजारे, नोमेश सिन्हा, जेनेसिस कॉलेज धमतरी में यश दुबे, जीत शर्मा, गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड में थनेन्द्र कुमार, अज्जू देवांगन, महामाया कॉलेज में ओमप्रकाश मानिकपुरी, विनय साहू, रिलायंस फ्लोरेन्स नर्सिंग कॉलेज में विनय गंगबेर, मोनिशा नेताम, पालीटेक्निक कॉलेज रुद्री में जय श्रीवास्तव, गजेंद्र साहू, केएल उद्यानिकी कॉलेज में तेजप्रताप साहू, माही साहू, आमदी कॉलेज में पारसमणि सोन्द्र साहू, कॉम्पटेक कॉलेज धमतरी में प्रीतम सिन्हा, कंडेल कॉलेज में घनश्याम साहू, लिकेश साहू, गर्ल्स कॉलेज धमतरी में तेजप्रकाश साहू के नेतृत्व को ज्ञापन सौंपा गया।

## खबर संक्षेप



### कुहकुहा में चैत्र नवरात्रि पर हुआ हवन पूजन

**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा में गांव की सुख, शांति, समृद्धि के लिये चैत्र नवरात्रि में ज्योत जंवारा प्रज्वलित किया गया था। पंचमी पर माता का श्रृंगार किया गया। अष्टमी में विधिवत हवन पूजन कर दूसरे दिन विसर्जन किया गया।

### मेघा में मानसगान प्रतियोगिता शुरू

**मगरलोड।** ग्राम मेघा में पुरानी बस्ती में संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता 30 मार्च से 2 अप्रैल तक रखी गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभातराव मेघा वाले पीसी सदस्य कांग्रेस कमेटी ने किया। अध्यक्षता मनीषा गजेन्द्र ध्रुव सरपंच मेघा ने की। विशिष्ट अतिथि छत्रपाल साहू उपसरपंच, डनेश्वर निषाद अध्यक्ष व्यापारी संघ थे। प्रथम प्रस्तुति जय शारदा महिला मानस मंडली मेघा ने दी।

### सेमरा में वार्षिक महा अधिवेशन एवं आदर्श विवाह आज

**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 20 पाली सिलतरा गणेशपुर परिक्षेत्र के तत्वावधान में 31 मार्च को सेमरा बी में क्षेत्रीय वार्षिक महा अधिवेशन एवं आदर्श विवाह का आयोजन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद, नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छग, चंदूलाल निषाद निषाद समाज जिला अध्यक्ष धमतरी, डॉ ललित कुमार निषाद निषाद समाज अध्यक्ष 20 पाली सिलतरा होंगे। अध्यक्षता चंद्र कुमार निषाद निषाद समाज अध्यक्ष गणेशपुर परिक्षेत्र करेंगे। विशेष अतिथि हरकराम निषाद, नारायण निषाद, गुंजा निषाद, रमेश निषाद, संतोषी निषाद, रेखा निषाद, अंगेश्वर निषाद, घनश्याम निषाद, बुधारू राम निषाद, पूजा सिन्हा सभापति जिला पंचायत धमतरी, बनीता सिन्हा सदस्य जनपद पंचायत कुरूद, चोवाराम निषाद, श्रीमती दुर्गा सिन्हा सरपंच सेमरा, दीपक कुमार समेत अन्य होंगे। आयोजक समिति ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 9 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा अर्चना से होगा। 11 बजे मातृत्व मानस मंडली सेमरा बी की प्रस्तुति एवं दोपहर 1 बजे से अतिथि स्वागत तथा आदर्श विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा।



## निधन

### प्रमोद जैन



**मगरलोड।** मेघा के राहुल जैन बर्तन भंडार के संचालक प्रमोद जैन उम्र 63 वर्ष नयापारा राजिम निवासी का 28 मार्च शनिवार को निधन हो गया है। उनके अंतिम संस्कार में रिश्तेदार शामिल हुए। वे नवल जैन व राहुल जैन के पिता थे।

### रामगुलाल पटेल

**कुरुद।** ग्राम कातलबोड़ निवासी रामगुलाल पटेल का 25 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। वे सामबाई पटेल के पति व देवेंद्र पटेल कोसरिया मरार समाज बारनाराज के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में नाते रिश्तेदार व ग्रामवासी शामिल हुए।

### कभी भी हो सकती है बड़ी घटना, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# सोंढूर बांध कई माह से अंधेरे में, 110 में से केवल 10-15 खंभों पर ही जल रही लाइट


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सोंढूर बांध इन दिनों अव्यवस्था का शिकार बना हुआ है। बांध के ऊपर लगाए गए लगभग 110 विद्युत खंभों में से केवल 10-15 खंभों पर ही लाइट जल रही है, जबकि शेष लाइट पिछले तीन माह से अधिक समय से बंद पड़ी हुई है। परिणामस्वरूप शाम होते ही पूरा बांध क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है।

स्थानीय कुछ लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में लाइट बंद रहने से न केवल आवागमन में कठिनाई हो रही है, बल्कि सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई है। बांध जैसे संवेदनशील स्थान पर विभाग द्वारा सुरक्षा और रखरखाव के प्रति लापरवाही स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।



ग्रामीणों और आसपास के लोगों ने बताया कि कई बार बाहरी सैलानी यहां पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें न तो पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था मिलती है और न ही कोई कर्मचारी बांध के गेट या परिसर में दिखाई देता है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व यहां मस्ती करते नजर आते हैं, जिससे वातावरण असुरक्षित महसूस होता है।



संबंधित विभाग के अधिकारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी ली जा रही है और जल्द ही खराब पड़ी लाइट की मरम्मत कर व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में कुछ कर्मचारी अन्य स्थानों पर ड्यूटी में तैनात होने के कारण मौके पर उपलब्ध नहीं हो पाए होंगे। विभाग द्वारा समस्या के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही गई है। अधिकारियों ने सुधार का आश्वासन दिया है।

## नवकार महिला मंडल ने खोला प्याऊघर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महावीर जयंती के उपलक्ष्य में इस साल भी नवकार महिला मंडल ने 23वीं बार प्याऊघर का उद्घाटन किया। प्याऊघर का संचालन मकई चौक पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने किया गया। इस अवसर पर भंवरलाल छाजेड़, बसंत ओस्तवाल, वर्धमान स्थानकवासी अध्यक्ष विजय गोलछा, सकल जैन समाज के अध्यक्ष आकाश गोलछा, उपाध्यक्ष निकेश कोटडिया, खेमचंद गोलछा, रमन लोढ़ा, चंदूजी जसवानी, सिंधी समाज अध्यक्ष नंदकिशोर जसवानी, नंदा साहब एवं मंडल की सचिव कुसुम गोलछा, कोषाध्यक्ष शकुन पिंचा, सरला भुरा, शोभा भुरा, दुर्गा छाजेड़, सरिता जैन, दीपा जैन, कंचन चोपड़ा, ज्योति भंसाली, रीता छाजेड़ समेत मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थी।

# राज्यपाल ने किया शिक्षकों व छात्रों को सम्मानित





- 22 छात्रों का नवोदय तथा 5 छात्रों का चयन इंग्लिश स्पोकन कार्यक्रम के लिए हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

बेलर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय बरबांधा, घुरावड़, दोहलापारा, जापानी एवं गिधावा के कुल 27 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को राजभवन में आयोजित समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।

इनमें से 22 विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए तथा 5 विद्यार्थियों का चयन इंग्लिश स्पोकन कार्यक्रम अंतर्गत हुआ है। यह उपलब्धि केवल एक परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों की कठिन मेहनत, अनुशासन, समर्पण और सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में पीतूराम निषाद, रूपलाल किसान, रमेश कुमार नागेश, लोकेश कुमार मरकाम, नूतनलाल डोले, अजय कुमार देवांगन, हरीश कुमार निर्मलकर, कृष्ण कुमार कोटेंद्र, होरीलाल दास मानिकपुरी एवं महेंद्र कुमार बोरझा प्रधानपाठक माध्यमिक शाला बोड़रा हैं।

उल्लेखनीय है कि यह उपलब्धि लगातार पांचवें वर्ष प्राप्त हुई है। नवोदय एवं एकलव्य विद्यालय हेतु प्रत्येक विद्यालय से 50 से अधिक विद्यार्थियों का चयन हो चुका है।

राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने विद्यालयों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वनांचल क्षेत्र से इस प्रकार की उपलब्धियां प्रेरणादायक हैं और अन्य क्षेत्रों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। इस उपलब्धि को राजभवन तक पहुंचाने में तुमनचंद साहू समाजसेवी एवं आयकर अधिकारी, रंजीता साहू, महेश सोरी समन्वयक एवं महेश नेताम जनपद सदस्य का विशेष योगदान रहा। राज्यपाल ने प्रत्येक छात्र-छात्रा को 5-5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

### रोजगार मेला में 200 पदों पर होगी भर्ती

**धमतरी।** जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 10 अप्रैल को लाईवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला में निजी संस्था के नियोक्ताओं द्वारा क्लाईंट डिलाईट एक्जीक्यूटिव और डाटा एंट्री ऑपरेटर के 50-50 तथा सपोर्ट एक्जीक्यूटिव के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा ने जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपनी संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर चुके या अध्ययनरत युवाओं का समुचित परामर्श कर इच्छुक युवओं को प्रस्तावित रोजगार मेला में सम्मिलित कराएं। साथ ही इच्छुक युवाओं की सूची 2 अप्रैल तक लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में उपलब्ध कराएं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### महापौर के ब्रीफकेस से निकला 620 करोड़ का बजट

नहीं हैं। विपक्ष के सवाल पर सत्ता पक्ष के पार्षद भी सहमत दिखे। सभापति ने बताया कि आयुक्त महोदया पहुंचने वाली हैं और कुछ ही समय में आयुक्त प्रिया गोयल की उपस्थिति हो गई। प्रश्न काल की शुरूआत कांग्रेस पार्षद रामेश्वरी कोसरे ने की। उन्होंने पूछा कि कितने प्लेसमेंट कर्मचारियों की छंटनी की गई और किस आधार पर ? इसका जवाब एमआईसी सदस्य हिमानी साहू ने देते हुए बताया कि निगम में 254 प्लेसमेंट कर्मचारी हैं। 27 कर्मचारियों को आम जनता की शिकायत पर हटाया गया था, फिर उनमें से 80 प्रतिशत कर्मचारियों को अन्य विभागों में समायोजन किया गया। विपक्षी पार्षदों ने कर्मचारियों को जबरिया हटाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। दिव्यांग कर्मचारी को भी नहीं छोड़ा गया। पार्षद हेमंत बंजारे ने जल आवर्धन योजना के कार्यादेश की जानकारी मांगी।

पार्षद ईश्वर सोनकर ने जल आपूर्ति कब-कब बाधित रही, इसकी डिटेल मांगी जिसकी जानकारी एमआईसी सदस्य अखिलेश सोनकर ने विस्तार से दी। इस जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने कहा कि नये फिल्टर प्लांट निर्माण के दौरान ठेकेदार को अधिक का भुगतान किया गया है जिसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम बनाई गई थी। अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आई। क्या इसमें सेटलमेंट हो गया? जवाब में अखिलेश सोनकर ने कहा कि जांच टीम के एक सदस्य की मौत होने से दिक्कत आई है। इस मामले में अवलोकन कराने का आश्वासन रखा। पार्षद संतोष सोनकर ने मुक्तिधाम की स्वीकृति के बारे में पूछा जिसका जवाब एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी ने देते हुए कहा कि डाकबंगला वार्ड तथा नवागांव वार्ड में मुक्तिधाम के लिए टेंडर हो चुका है जिसकी लागत 61.26 लाख रूपये है। विपक्ष ने फिर पक्ष पर निशाना साधा कि पूर्व में स्वीकृत मुक्तिधाम को निरस्त कर फिर से स्वीकृत कराया गया है। विभिन्न वार्डों में मुक्तिधाम तथा कब्रिस्तान की जरूरत बताई। इस पर श्री मोटवानी ने कहा कि अभी तो एक साल का कार्यकाल बीता है। चार साल में जितने प्रस्ताव आएंगे, उन प्रस्तावों के आधार पर मुक्तिधाम बनाएंगे। उन्होंने मुक्तिधाम और कब्रिस्तान को लेकर विपक्ष पर ही सवाल खड़ा कर कहा कि पिछले कार्यकाल में उनकी सत्ता थी तब क्यों कब्रिस्तान नहीं बनाया गया।

पार्षद प्रकाश सिन्हा ने रामपुर वार्ड में विकास शुल्क की जानकारी मांगी। एमआईसी सदस्य नरेन्द्र रोहरा ने रामपुर में 2.49 लाख रूपये वसूली की जानकारी दी। इस पर पार्षद श्री सिन्हा ने कहा कि उसने वार्ड के विकास कार्यों के लिए 22 कार्यों का स्टीमेट दिया है लेकिन उसके वार्ड में कोई कार्य नहीं हुआ। विकास शुल्क की राशि को दूसरे वार्डों में लगाया जा रहा है। उनके वार्ड की अनदेखी की जा रही है। इसका समर्थन विपक्षी पार्षदों ने भी किया। निर्दलीय पार्षद मदन नेवारे ने कहा कि विकास शुल्क के बारे में जानकारी नहीं दी जाती है। रूलर पार्टी के वार्डों में विकास शुल्क राशि परोसी जा रही है। सूचना के अधिकार में भी जानकारी नहीं दी जाती। एमआईसी सदस्य नरेन्द्र रोहरा ने वार्डों में विकास शुल्क की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि कुछ वार्डों में विकास शुल्क की राशि जीरो है। प्रश्नकाल के दौरान सभापति कौशिल्या देवांगन के तेवर खूब चर्चा में रहे। वे विपक्षी पार्षदों के हंगामे के दौरान उन्हें सीधे उंगली दिखाते हुए चुप बैठने के आदेश देते रहे। नहीं मानने पर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी। विपक्ष ने भी इसकी मर्यादा रखी। पार्षद भारती साहू ने नालंदा परिसर के बारे में सवाल पूछा। एमआईसी सदस्य विभा चन्द्राकर ने पूरी जानकारी देते हुए इसे हटकेशर वार्ड में निर्माण कराने की बात कही। नम्रता पवार ने खेल गतिविधि और खेल मैदान का प्रश्न किया जिसका जवाब पार्षद विजय मोटवानी ने दिया। शीतलापारा वार्ड की पार्षद उमा भागीरथी ध्रुव ने विकास शुल्क की जानकारी ली।

# बकली में परिक्षेत्र स्तरीय मां कर्मा जयंती आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम बकली में मां कर्मा जयंती 31 मार्च की सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ मनाई जायेगी। कलश यात्रा के बाद दोपहर 12 बजे से सुप्रसिद्ध लोकगायिका आरू साहू और आराध्या साहू लोकगायिका पंडवानी की प्रस्तुति के बाद समाज गौरव के रूप में सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता गणेशराम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी करेंगे। विशेष अतिथि कृष्णकांत साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, मालकराम साहू, पुराणिक राम साहू, जनपद सदस्य मनीषा त्रिलोचन साहू, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य, टेकराम साहू जनपद सदस्य, लेखराम साहू, कुलदीप साहू, संतराम साहू, दीपक साहू होंगे। रात्रि में मनमोहना फाग मंडली बकली की प्रस्तुति होगी।





### कुरूद में 1 अप्रैल से श्रीमद् भागवत महापुराण

**कुरूद।** नगर पालिका कुरूद वार्ड क्रमांक सात स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के पास नर्मदेश्वर सेवा समिति वृंदावन सरोवर कुरूद के सहयोग से श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 1 से 9 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से किया जा रहा है। कथाव्यास पं. नागेश्वर प्रसाद दुबे के श्रीमुख से भक्तगण प्रतिदिन कथा का रसपान करेंगे। प्रथम दिवस 1 अप्रैल को कलश यात्रा, स्थापना, गौकर्ण कथा, 2 को परिक्षित जन्म, शुकदेव द्वारा कथा प्रारंभ, 3 को सति चरित्र, ध्रुव चरित्र, पृथु चरित्र, 4 को भरत चरित्र, अजामिलोपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, 5 को गजेंद्र मोक्ष, वामन चरित्र, श्रीराम अवतार, श्री कृष्ण अवतार, 6 को श्रीकृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मणि विवाह, 7 को भगवान का अन्य विवाह, सुदामा चरित्र, 8 को यदुकुल को श्राप, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 9 को गीता पाठ, यज्ञ-हवन, पूर्णाहुति, कथा विश्राम का आयोजन होगा। इसकी तैयारी में आयोजकगण जुटे हुए हैं।

# देवगांव स्कूल का स्वर्ण जयंती समारोह मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर वनांचल ग्राम देवगांव है जहां की आबादी महज 65 घर है। सन 1974 में प्राथमिक शाला प्रारंभ हुआ। उस समय 15 से 20 घर थे। विद्यालय से अब तक कुल 276 विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है। कोई शिक्षक, सैनिक , पोस्ट मास्टर सहित 14 लोग गांव का नाम रोशन कर रहे है। स्कूल की स्वर्ण जयंती पर बच्चों ने अंगद देव की झांकी प्रस्तुत की। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष उकेश कुमार ध्रुव ने सभी बच्चों को गुल्लक वितरण कर व्यर्थ खर्च न करने प्रेरित किया।

इस अवसर पर अहन सिंह पटेल, ईश्वर चंद्रवंशी, केशव नागवंशी पूर्व सरपंच, शत्रुघ्न नेताम, अशोक मांडवी, बीर सिंह, ओमप्रकाश, विष्णु राम, रवि नागवंशी, बच्छन नेताम, कुंती बाई, शैलेंद्री बाई, लोखन बाई, गीतांजलि, राधा बाई , भगवती बाई, गायत्री बाई, शिक्षक एसके ध्रुव, आरके मरकाम, जीएस पटेल, जेएस कंवर, पीएस पटेल, केआर गंगेश, एमके सिन्हा मौजूद थे। मंच संचालन टीके यादव भोथा तथा आभार व्यक्त आरके साहू प्रधानपाठक शीला उईके ने किया।

# चैत्र जातरा में दिया परंपराओं के संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

क्षेत्र के देरउर डोंगरी स्थित बारहपाली में देवी माता मतलहिन दाई का चैत्र जातरा श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामीणों ने आदिकालीन परंपरा का पालन करते हुए माताजी एवं बूढ़ा देव की पूजा-अर्चना की।

पूजन के दौरान मौसमी फल आम, तेंदू, महुआ फूल एवं अन्य फल अर्पित कर समृद्धि, सुख-शांति और अच्छी फसल की कामना की गई। पूरे आयोजन में ग्रामीणों की गहरी आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जुड़ाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला।




इस धार्मिक अनुष्ठान में पुजारी गुलेश नेताम की विशेष भूमिका रही। मौके पर उपसरपंच चंद्रभान नेताम, चमनलाल सोरी, शंभू मरकाम, रामकुमार कोडोपी, निर्मल मरकाम, कोमल सिंह मरकाम, परमानंद यादव, टीकाराम नेताम, सोनदेव मरकाम, वरुण देव नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






सत्य, अहिंसा और धर्म का मार्ग ही मानवता का असली गहना है।

# महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वयं पर विजय प्राप्त करो, यही परम विजय है।




सेवा-श्रवण से मित्रता-
कृष्ण से मर्यादा-राम से दान-
कर्ण से लक्ष्य-एकलव्य से अहिंसा-
बुद्ध से तपस्या - महावीर से




णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं,
णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं,
णमो लोए सव्व साहुणं,एसो पंच णमोक्कारो,
सव्व पावप्पणसणो।
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवई मंगलं।।

महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व में बिहार राज्य में वैशाली जिले के पास कुरुग्राम में हुआ था। वह जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर थे और इतिहास से पता चलता है कि उनसे पहले तीर्थंकर की जयंती सदियों से मनाई जाती थी। जैन धर्म और धार्मिक तपस्वियों के लिए महावीर जयंती एक आध्यात्मिक अवसर है। वे अपना समय ध्यान और और महावीर के श्लोकों का पाठ करने में बिताते हैं। आमतौर पर पूजा और ध्यान का स्थान एक मंदिर होता है। भक्त देश भर में स्थित महत्वपूर्ण सामान्य और जैन मंदिरों की यात्रा भी करते हैं। कई जैन गुरुओं को मंदिरों और यहां तक कि घरों में महावीर की शिक्षा और अहिंतसा तथा मानवता के सिद्धांतों के बारे में प्रचार करने के लिए आमंत्रित भी किया जाता है। महावीर जयंती का पालन वारने के लिए एक सख्त उपवास का अभ्यास भी महत्वपूर्ण तरीकों में से एक है। महावीर के उपदेश के अनुसार भक्त मानवता, अहिंसा और सद्भाव को अधिक महत्व देते हैं।

